तापमान
अधिकतम 28.9 डिग्री
न्यूनतम 8.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 18 फरवरी 2025

13 कविता पाठ में काजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया



14 परम्परागत परिधानों में सजी विवि की छात्राएं



# नगर निगम मेयर उपचुनाव में 8 उम्मीदवार मैदान में, अंतिम दिन 5 ने किया नामांकन

### 1.15 करोड़ रुपये जमा करवाने के बाद लिया गया कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान का नामांकन

### बकाया गृहकर के चलते नामांकन लेने से किया था मना, मौके पर आरटीजीएस से भरा गृहकर

### भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन, बसपा प्रत्याशी धर्मबीर और आप प्रत्याशी डॉ. कमलेश सैनी ने भी पर्चा भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम मेयर उपचुनाव को लेकर चल रहा नामांकन का दौर सोमवार को संपन्न हो गया। नामांकन के अंतिम दिन 5 पांच नामांकन प्राप्त हुए। जिसके बाद मेयर उपचुनाव के लिये प्राप्त हुए नामांकनों की कुल संख्या 8 हो गई है। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन और उनके बेटे दिव्यांक जैन ने कवरिंग कैंडिटेट के तौर पर नामांकन दाखिल किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान ने भी सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा बसपा उम्मीदवार धर्मबीर ने अपना नामांकन जमा कराया। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. कमलेश कुमार सैनी ने शनिवार को अपना नामांकन किया था। जजपा व इनेलो की तरफ से कोई नामांकन नहीं आया है। अब मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

19 फरवरी को दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। उसके बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे और उम्मीदवारों व मतदान केंद्रों की सूची चस्पा की जाएगी। वहीं नामांकन जमा करवाने से पहले भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी ने सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन भी किया। कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान आईटीआई चौक स्थित छाबड़ा फार्म हाउस पर हवन करने के बाद जुलूस की शक्ल में नगर निगम तक पहुंचें। वहीं राजीव जैन पुरखास अड्डा स्थित अपने कार्यालय से हवन कर जुलूस निकालते हुए नगर निगम तक पहुंचें। इस दौरान गीता भवन चौक, सुभाष चौक, रेलवे रोड पर भारी जाम की स्थिति बनी रही। जिसको काबू करने में ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं नगर निगम कार्यालय में नामांकन जमा करवाने पहुंचे कांग्रेस उम्मीदवार कमल दिवान व निगम अधिकारियों के बीच लंबी खींचतान हो गई। विवाद लंबे समय से बकाया गृहकर को लेकर हुआ। कांग्रेस उम्मीदवार कमल दिवान पर 1 करोड़ 15 लाख 95 हजार 816 रुपये गृहकर और पानी व सीवर का बिल 4779 बकाया था। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार के लिए नामांकन पत्र जमा कराते समय एनडीसी अनिवार्य कर रखा था। कमल दिवान जब निगम कार्यालय में नामांकन करने पहुंचे तो उनके पास एनडीसी नहीं था।

एनडीसी न होने के कारण कर्मचारियों ने नामांकन के लिए दस्तावेज पूरे करने की बात कही। कमल दिवान ने तर्क दिया कि उनका मामला अदालत में विचाराधीन है, लेकिन निगम अधिकारियों ने इस तर्क को खारिज किया। बहस के बाद आखिर कमल दिवान को आरटीजीएस के जरिए बकाया गृहकर चुकता करना पड़ा। इसके बाद ही उनका नामांकन फार्म जमा हो सका।



सोनीपत। नामांकन जमा करवाते हुए भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन साथ में पूर्व मंत्री एवं अन्य।



सोनीपत। कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान साथ में सांसद, पूर्व विधायक एवं अन्य।

### हमारा कमल असली, दूसरा नकली : जैन

भाजपा और कांग्रेस दोनों दल के उम्मीदवारों ने जुलूस की शुरुआत चुनाव कार्यालय में हवन करने के बाद की। नामांकन के दौरान उम्मीदवारों ने मेयर उप चुनाव के दौरान जीत का दावा किया। भाजपा उम्मीदवार राजीव जैन ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन के कार्यकाल में शहर में तेजी से विकास के द्वार खोले गए थे। उसी विकास कार्यों के नतीजे को देखते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर मेयर उप चुनाव में कमल खिलाने की जिम्मेदारी दी है। भाजपा उम्मीदवार ने पार्टी के कमल को असली बताया और कांग्रेस उम्मीदवार को नकली कमल बताया। उनके साथ विधायक निखिल मदान, देवेंद्र कादियान, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, निर्मल चौधरी भी मौजूद रहीं। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार कमल दिवान ने कहा कि उनके पिता देवराज दिवान दो बार सोनीपत सीट से विधायक रहे हैं। उनके नक्शे कदम पर चलते हुए विकास कराया जाएगा।

### पर्चा रद करवाने की कोशिश : दिवान

कमल दिवान ने नामांकन के उपरांत आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने उनका नामांकन रद्द करवाने की कोशिश की। वह कोर्ट से आदेश लाने के बाद नामांकन करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों को बैठाया गया है, यहां उन्होंने डेढ़ करोड़ बकाया राशि जमा कराई है जबकि संपत्ति के मामले में कोर्ट में केस चल रहा है, अधिकारी सुनने को तैयार नहीं थे। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने अधिकारियों पर तानाशाही के आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार आती जाती रहती है, लेकिन अधिकारियों को साफ नीयत से काम करना चाहिए। कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन के दौरान अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनडीसी) जारी करने में अधिकारियों ने जानबूझ कर देरी की।

# नगरपालिका अध्यक्ष के लिए 8 व पार्षद के लिए 54 उम्मीदवार उतरे



खरखौदा। चेयरमैन पद के लिए नामांकन करते उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

नगरपालिका चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 17 फरवरी तक पार्षद व चेयरमैन पद के लिए कुल 62 नामांकन भरे गए हैं। जिनमें से 8 चेयरमैन पद के लिए और 54 पार्षद पद के लिए हैं। सोमवार को चुनाव नामांकन प्रक्रिया का अंतिम दिन था।

**इंदौरा ने किया नामांकन :** भाजपा प्रत्याशी हीरालाल इंदौरा का चेयरमैन पद के लिए नामांकन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा की मौजूदगी में दाखिल किया गया। जबकि विधायक पवन खरखौदा नहीं पहुंच सके। बताया जाता है कि किसी काम से शहर से बाहर हैं। ममता सैनी मेहरा ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया है। किरण देवी, रिकेंश व ओमवीर राठी ने भी अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया है। मैक्सीन ठेकेदार व रिपंल देवी द्वारा शनिवार को ही नामांकन किया जा चुका है। भाजपा प्रत्याशी हीरालाल की बेटी दीपाली ने कवरिंग फार्म के रूप में नामांकन किया है।

**नामांकन से पहले दावेदारों को मनाने पहुंचे हीरालाल:** भाजपा प्रत्याशी हीरालाल अपना नामांकन जमा कराने से पहले ममता सैनी को मनाने के लिए चौपाल में पहुंचे। किरण व रिंकेश को फोन भी करके उन्हें मनाने की कोशिश की गई। लेकिन उन्हें इसमें सफलता हासिल नहीं हो सकी।

### 19 को नामांकन वापस ले सकेंगे

सभी नामांकन कर्ताओं को मंगलवार को बुलाया गया है ताकि दस्तावेजों की जांच का उन्हें पता चल सके। 19 फरवरी को वे अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। दोपहर तीन बजे के बाद चुनाव चिन्ह अलॉट होंगे
- **डा. निर्मल नागर**, रिर्टनिंग अधिकारी, खरखौदा

## खबर संक्षेप

### ईशापुर खेड़ी में किसान के साथ मारपीट, केस

**गोहाना।** गांव ईशापुर खेड़ी में नहरी पानी को लेकर कहासुनी होने पर ग्रामीण से मारपीट की। उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। जयभगवान ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत में काम करके घर जा रहा था। रास्ते में गांव का अमन और आजाद मिले। उससे कहने लगे कि तेरे हिस्से के नहरी पानी से हम अपने खेत में सिंचाई करेंगे। उसने एतराज जताया तो दोनों ने लाठी व ईंट से हमला कर दिया।

### बैंयापुर में घर से नकदी और आभूषण चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर स्थित मकान के अंदर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी के चोरी होने का मामला सामने आया है। रमेश मलिक ने बताया कि वह परिवार सहित गत 11 फरवरी को किसी काम के लिए रेवाड़ी गए थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को बीस साल कैद

**सोनीपत।** खरखौदा थाना क्षेत्र में घर व किराए के कमरे पर ले जाकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने व किसी से कुछ बताने पर परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत (फास्ट कोर्ट) ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 52 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक महिला ने 9 अक्टूबर 2023 खरखौदा थाने में शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग लड़की कक्षा 12वीं में पढ़ती है। उसकी बेटी घर पर पहुंची तो मायूस दिखाई दी। उसने मायूसी का कारण पूछा तो उसने बताया कि महेंद्र उर्फ डोन ने उसे किराए के कमरे पर बुलाकर उसके साथ गलत काम किया। किसी से कुछ बताने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि आरोपित ने एक साल पहले भी उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। उस दौरान भी उसकी बेटी को धमकी दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में तत्कालीन जांच अधिकारी एसआई की टीम ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया था। मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत (फास्ट कोर्ट) ने आरोपित महेंद्र उर्फ डॉन को 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी मानते हुए 20 साल कैद की सजा व 50 हजार रुपये जुर्माना व अन्य धाराओं के तहत सजा सुनाई।

### चौहान कॉलोनी के युवक के साथ ठगी

**सोनीपत।** शहर के महलाना सड़क मार्ग पर युवक के अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्डों से लाखों रुपयों की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। चौहान कॉलोनी महलाना रोड निवासी नवीन कुमार ने बताया कि उसके पास अलग-अलग एक्सेस, आईसीआईसीआई व एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड है। उसके तीनों कार्डों से किसी ने फ्रॉड करके लाखों रुपयों की राशि को निकाल लिया। उसके पास न तो कोई ओटीपी आया, और नहीं उसके पास कोई कॉल आई। किसी ने फर्जी वेबसाइट, फर्जी कागजातों के आधार पर खाते खुलवा कर उसके कार्डों से चार लाख नब्बे हजार से ज्यादा की राशि को निकाल लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अदालत नहीं पहुंचे आप सुप्रीमो केजरीवाल

## दिल्ली के पूर्व सीएम के यमुना के पानी पर दिए बयान पर सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हरियाणा की तरफ दी शिकायत के मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश नहीं हुए। उन्हें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा गोयल ने व्यक्तिगत रूप से पेश होने को नोटिस दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री की तरफ से अदालत में उनके अधिवक्ता पहुंचे और वकालतनामा दिया। उन्होंने नोटिस के साथ दस्तावेज की फोटो कॉपी देने को कहा। जिस पर उन्हें पेन ड्राइव में उन्हें उपलब्ध कराया गया। मामले में अब 20 मार्च को जवाब के साथ पेश होने को कहा है।

- उनके अधिवक्ता ने अदालत में पेश होकर नोटिस के साथ दस्तावेज की कॉपी मांगी
- मामले में 20 मार्च को जवाब के साथ पेश होने के आदेश

### ये है मामला

कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन), राई वाटर सर्विसेज डिविजन, आशीष कौशिक की तरफ से सीजेएम नेहा गोयल की अदालत में 29 जनवरी को शिकायत पत्र दिया गया था। जिसमें 28 जनवरी को सोशल साइटों पर वायरल वीडियो का हवाला दिया था। वीडियो में अरविंद केजरीवाल की तरफ से हरियाणा सरकार पर यमुना नदी के पानी में जहर मिलाकर दिल्ली भेजने के आरोप थे। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने पानी को रोककर संभावित सामूहिक नरसंहार से बचाया था। दिल्ली में पानी की कमी हो गई थी।

शिकायत में कहा था कि इससे यमुना नदी के आसपास रहने वाले लोगों में भारी आक्रोश फैल गया था। स्थानीय लोग हरियाणा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे थे। अधिकारियों ने लोगों को समझाया था। शिकायत में लिखा था कि अरविंद केजरीवाल के इस बयान ने भय और अफवाहों को जन्म दिया, आमजन में दहशत फैल गई थी। अदालत से अनुरोध किया गया था मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए। जिसमें सीजेएम ने 17 फरवरी को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा था।

### अलर्ट पर रहा प्रशासन

सोमवार को आप सुप्रीमो को सीजेएम नेहा गोयल के सामने पेश होने के नोटिस को लेकर सुबह से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट पर था। हालांकि अरविंद केजरीवाल की तरफ से उनके अधिवक्ता कोर्ट में पहुंचे। अधिवक्ता एवं आम आदमी पार्टी के लीगल सेल के दिल्ली के अध्यक्ष संजीव नसीयर व अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि नोटिस के साथ दस्तावेज की फोटोकॉपी नहीं दी गई। जिस पर उन्हें पेन ड्राइव में कागजात उपलब्ध कराए गए। अदालत ने मामले में 20 मार्च को जवाब के साथ पेश होने को कहा है।



हरिभूमि सहेली



# कहीं आप सेल्फ-एस्टीम की कमी के शिकार तो नहीं

अपने आपको अंडर-एस्टिमेट करना या कहें कमतर आंकने का मतलब है, आपमें सेल्फ-एस्टीम की कमी है। इसका असर आपकी पर्सनल लाइफ में आपके रिश्तों पर, प्रोफेशनल लाइफ में आपकी प्रोग्रेस पर और मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है। मेंटल हेल्थ बिगड़ने से तो जीवन में दूसरी बहुत-सी रुकावटें, समस्याएं जन्म लेती हैं। आप कैसे पहचानें कि लो सेल्फ एस्टीम की शिकार हैं, इससे कैसे जल्द से जल्द उबर कर आप अपना स्वस्थ, सफल और सुखी जीवन जिएं। आपके लिए बहुत ही जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
ललिता गोयल

क्या आप खुद को नापसंद करती हैं, दूसरों से कम समझती हैं, हमेशा किसी न किसी बात के लिए खुद को कोसती रहती हैं, अपने आप पर विश्वास नहीं करतीं, खुलकर अपनी तारीफ स्वीकार नहीं कर पातीं, हर गलत बात के लिए अपने आपको दोषी ठहराती हैं, आपको कोई भी काम ठीक से न कर पाने की चिंता सताती रहती है? अगर ऐसा है तो ये बातें यह दर्शाती हैं कि आप खुद को कम समझती हैं, आपमें सेल्फ-एस्टीम यानी आत्म-सम्मान की कमी है।

## क्या है सेल्फ-एस्टीम

सेल्फ-एस्टीम या आत्म-सम्मान ऐसी भावना है, जो किसी भी व्यक्ति को उसकी अहमियत का अहसास कराती है। जब हम खुद को समझते हैं, अपनी खूबियों को पहचानते हैं, तब हम खुद को वैल्यू देते हैं। खुद को समझकर और वैल्यू देकर जीवन की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाते हैं। एक कामयाब इंसान बनते हैं।

## जीवन में सेल्फ-एस्टीम का होता है बहुत महत्व

किसी भी व्यक्ति में सेल्फ-एस्टीम का होना या न होना, उसकी मेंटल हेल्थ, रिलेशनशिप और प्रोफेशनल ग्रोथ पर गहरा असर डालता है। जिन लोगों में लो सेल्फ-एस्टीम होता है, वे अपनी असफलताओं पर अधिक ध्यान देते हैं और अपनी सफलताओं को नजर-अंदाज करते हैं। इससे उनमें डिप्रेशन और एंग्जाइटी की प्रॉब्लम हो सकती है। सेल्फ-एस्टीम मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाती है। तनाव दूर करती है। जिन लोगों में सेल्फ-एस्टीम होता है, वे किसी से बात करने और उनकी मदद लेने में सहज होते हैं। लो सेल्फ-एस्टीम होने पर वे समाज से कट सकते हैं, जबकि बेहतर सेल्फ-एस्टीम की वजह से वे खुलकर अपनी बात कहते हुए मजबूत रिश्ते बना सकते हैं।

## लो सेल्फ-एस्टीम के नुकसान

सेल्फ-एस्टीम की कमी होने के कारण व्यक्ति अपने किसी भी काम को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं होता है। उसके लिए अपनी जिंदगी के बड़े फैसले लेने में मुश्किलें आती हैं। ऐसे लोग खुद को किसी लायक नहीं मानते, इसी कारण अपनी स्किल्स पर भी काम नहीं कर पाते हैं। कई बार तो कुछ लोगों को यह पता ही नहीं चल पाता कि उनमें सेल्फ-एस्टीम की कमी हो रही है।

## सेल्फ-एस्टीम की कमी के लक्षण

सेल्फ-एस्टीम के लाभ और लो सेल्फ-एस्टीम के नुकसान को जानने के बाद यह जानना भी जरूरी है कि सेल्फ-एस्टीम की कमी होने पर कौन-कौन से लक्षण दिखाई देते हैं।

**खुद को लेकर नेगेटिव रहना:** जिन लोगों में सेल्फ-एस्टीम की कमी होती है, ऐसे लोग ज्यादातर खुद को लेकर नेगेटिव ही रहते हैं। ऐसे लोग खुद को हमेशा किसी न किसी चीज के लिए कोसते रहते हैं। इन्हें हमेशा लग रहा होता है कि इनकी लाइफ में कुछ भी बेहतर नहीं होता है। ऐसे व्यक्ति अपनी जिंदगी को ज्यादा मुश्किल बना लेते हैं, अपना कॉन्फिडेंस खोने लगते हैं।



**कॉन्फिडेंस की कमी होना:** सेल्फ-एस्टीम की कमी के कारण लोग अपना आत्म-सम्मान खोने लगते हैं। उनके लिए अपने जीवन के छोटे-बड़े फैसले कर पाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे व्यक्ति दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं और कोई भी काम खुद करने की कोशिश नहीं करते हैं।



**तारीफ स्वीकार न कर पाना:** सेल्फ-एस्टीम की कमी वाले लोग हमेशा खुद को दूसरों से कम ही समझते हैं। ऐसे में अगर कोई उनकी तारीफ भी करता है, तो उन्हें लगता है कि तारीफ करने वाला उनकी चापलूसी कर रहा है, वे उस तरह के लायक नहीं है और उनके लिए अपनी तारीफ स्वीकार कर पाना काफी मुश्किल हो जाता है।

**दूसरों को इंप्रेस करते रहना:** दूसरों की किसी क्वालिटी या काम की तारीफ करना अच्छी बात है। लेकिन दूसरों को इंप्रेस करने की कोशिश में सामने वाले की हर बात की तारीफ करना भी सेल्फ-एस्टीम की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में व्यक्ति दूसरों को खुद से बेहतर दिखा रहा होता है और न चाहते हुए भी खुद को दूसरों से कम मानने लगता है। ऐसे में व्यक्ति अपनी तुलना हमेशा दूसरों से करता रहता है, जो उसका कॉन्फिडेंस कम होने का कारण भी बन सकता है। सेल्फ-एस्टीम की कमी होने से मानसिक स्वास्थ्य और आपसी रिश्तों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। धीरे-धीरे आप अपने सेल्फ-एस्टीम को बढ़ा सकती हैं। छोटे-छोटे बदलाव और कुछ आसान कदमों से आप फिर से सेल्फ-एस्टीम की भावना महसूस कर सकती हैं।

## सेल्फ-एस्टीम बढ़ाने के उपाय

लंबे समय तक लो सेल्फ-एस्टीम का शिकार होना मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना चाहिए। अपना सेल्फ-एस्टीम बढ़ाने के लिए क्या उपाय अपनाएं, जानें-

**खुद को दें शाबाशी:** अपनी हर छोटी और बड़ी कामयाबी के लिए खुद को शाबाशी दें, क्योंकि जब तक आप अपनी वैल्यू नहीं करेंगी तब तक दूसरे भी आपको वैल्यू नहीं कर पाएंगे।

**निर्धारित करें अपनी सीमाएं:** अपनी सीमाएं जरूर निर्धारित करके रखें क्योंकि अगर आपकी अपनी कोई सीमा नहीं होगी, तो लोग आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**खुद को बेहतर बनाएं:** अपनी स्किल्स पर काम करना शुरू करें और खुद को बेहतर बनाएं। इससे आपमें कॉन्फिडेंस और आत्म-सम्मान की भावना बढ़ेगी। हर रोज थोड़ा-थोड़ा खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें, यह चीज आपको आत्म-सम्मान बढ़ाने में मदद कर सकती है। इसलिए खुद पर काम करना शुरू करें।

**खुद को कभी कमतर न आंकें:** खुद से यह कभी न कहें कि मैं कुछ नहीं कर सकती हूं। ऐसा करके आप अपने रास्ते में खुद ही रुकावट डालेंगी। आप खुद को जितना कमतर समझेंगी, आगे बढ़ने में आपको उतनी ही मुश्किल होगी।

**स्वास्थ्य का रखें ध्यान:** अगर आप खुद को महत्वपूर्ण समझती हैं, तो अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। हेल्दी डाइट लें, सही नींद और मानसिक शांति आपके आत्म- सम्मान को बढ़ाती है। इसके लिए रेग्युलर मेडिटेशन और एक्सरसाइज करें।

**अपनी छोटी-छोटी सफलताओं को दें महत्व:** अपनी छोटी-छोटी सफलताओं पर ध्यान दें, जैसे, अपने जिम रूटीन को पूरा करना या किसी मुश्किल प्रोजेक्ट को समय पर खत्म करना।

**निरंतर सीखते रहें:** यह जरूरी नहीं कि आपको सब कुछ परफेक्ट या सही तरीके से करना आता हो। इसलिए किसी भी चीज को सीखना सबसे महत्वपूर्ण है, फिर चाहे वह आपकी नौकरी से संबंधित हो या आपके शौक से जुड़ा हुआ कुछ हो।

**छोटे और साधारण लक्ष्य बनाएं:** बड़ी उम्मीद पालने की बजाय छोटे और साधारण लक्ष्य बनाएं। हर छोटे लक्ष्य की सफलता आपको आत्म-विश्वास और ऊर्जा देगी।

---

बच्चों के एग्जाम की तैयारी करवाना पैरेंट्स के लिए भी कम स्ट्रेसफुल नहीं होता है। लेकिन ऐसे में आपको ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे बच्चे की टेंशन और बढ़े। एग्जाम की तैयारी करवाते समय किन बातों का ध्यान पैरेंट्स रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

# जब करवाएं बच्चे की एग्जाम प्रिपरेशन



एडवाइस
शिखर चंद जैन

मीनल अपने नौ वर्षीय बेटे अंशुल को बुरी तरह डांट रही थी। तभी वहां आई पड़ोस में रहने वाली उसकी सहेली आभा ने पूछा, 'क्या हुआ मीनल, इसने कोई शैतानी की है क्या?'

मीनल ने कहा, 'नहीं आभा, मैं तो इसके पढ़ने के तरीके से परेशान हूं। एग्जाम नजदीक हैं, सब बच्चे बोल-बोलकर पढ़ते हैं, याद करते हैं। एक यह है कि पता नहीं चुपचाप क्या करता रहता है? कभी बोलकर पढ़ता ही नहीं।'

इस पर आभा ने समझाते हुए कहा, 'मीनल हर बच्चे का पढ़ने और याद करने का अपना तरीका होता है। इसे डांटो मत। वह चुपचाप इंपॉर्टेंट प्वाइंट्स को अपनी सुविधा के लिए अंडरलाइन कर रहा होगा और कॉपी में समरी के रूप में बुलेट प्वाइंट बनाता होगा।' तब मीनल को अपनी गलती का अहसास हुआ।



**बिना वजह डांटने से बचें:** एग्जाम नजदीक आते ही पैरेंट्स अपने बच्चों को उसकी तैयारी करवाने के लिए कमर कसकर जुट जाते हैं। इस प्रेशर में कई पैरेंट्स अपने बच्चों पर न सिर्फ अनावश्यक पाबंदियां लगा देते हैं बल्कि उन्हें बेमतलब डांटते-फटकारते भी हैं। इससे बच्चा टेंशन में आ जाता है। नतीजतन पढ़ाई में उसका मन नहीं लगता। पैरेंट्स को यह समझना बहुत जरूरी है कि उनके बच्चे का लर्निंग स्टाइल क्या है, उसके अनुसार ही उसे गाइडेंस दें।

**टाइम मैनेजमेंट में हेल्प करें:** अपने बच्चे को परीक्षा की तैयारी में मदद करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उसे टाइम टेबल बनाने के लिए एनकरेज करें। इससे न केवल उसके पास अपने सभी विषयों को पूरी तरह से कवर करने का समय होगा, बल्कि इससे उसका मन भी एकाग्रता से पढ़ने के लिए तैयार रहेगा।

**समझें बच्चे का लर्निंग स्टाइल:** हर बच्चे का चीजों को सीखने, नई जानकारियां हासिल करने और याद करने का अपना ढंग होता है। अगर बच्चा विजुअल लर्नर है तो वह सब्जेक्ट पढ़ते समय प्रमुख बिंदुओं और पंक्तियों को हाईलाइट करेगा, अलग-अलग कलर से प्वाइंट्स बनाएगा और बीच-बीच में नोटबुक में अपनी सुविधा के मुताबिक डायग्राम, ग्राफिक्स या बुलेट प्वाइंट लिखेगा। उसे एजुकेशनल वीडियो देखना भी पसंद हो सकता है। वहीं ऑडिटरी लर्नर बच्चे, विषय को बोल-बोलकर पढ़ते हैं। वे दूसरे बच्चों से डिस्कस करते हैं और एक-दूसरे को विषय सुनाते और समझते भी हैं। कुछ बच्चे हर 15-20 मिनट या आधे घंटे के अंतराल पर उठकर पानी पीते हैं और खिड़की की तरफ झांकने लगते हैं। कुछ बच्चे लगातार दो से तीन घंटे एक ही सिटिंग में पढ़ना पसंद करते हैं। इसलिए बच्चे की लर्निंग स्टाइल पर उसे न टोकें।

**इमोशनल सपोर्ट दें:** बच्चों के लिए एग्जाम टाइम स्ट्रेसफुल होता है। इस दौरान उनके लिए इमोशनल सपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने बच्चे की समस्याओं, चिंताओं को सुनने और एनकरेज करते रहें।

**रिविजन के लिए प्रेरित करें:** एग्जाम्स की अच्छी तैयारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है रेग्युलर रिवीजन। इससे बच्चा जो याद करेगा, उसे कभी नहीं भूलेगा।

**रेस्ट करने के लिए भी कहें:** बच्चे एग्जाम की तैयारी के दौरान कई बार मानसिक रूप से थक जाते हैं। उन्हें आराम की जरूरत होती है। नियमित ब्रेक लेने से तनाव को दूर करने में मदद मिल सकती है।

---



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बालों के लिए फायदेमंद है मुलेठी

बढ़ते पॉल्यूशन और अव्यवस्थित लाइफस्टाइल की वजह से अधिकतर महिलाएं किसी न किसी हेयर प्रॉब्लम से परेशान रहती हैं। बालों का असमय सफेद होना, कम उम्र में बालों का झड़ना, कमजोर और पतले बाल जैसी समस्याएं अब बहुत कॉमन हो चुकी हैं। धूल, मिट्टी और पोषण की कमी की वजह से बाल पतले, डल और बेजान होने लगते हैं। आंवला, भृंगराज के साथ-साथ मुलेठी का उपयोग बालों को कोमल चमकदार और जड़ों से मजबूत बनाने में काफी सहायक हो सकता है।

**डेंड्रफ प्रॉब्लम होगी दूर:** अगर आप बालों में रूसी यानी डेंड्रफ की समस्या से परेशान हैं तो मुलेठी का इस्तेमाल कारगर हो सकता है। मुलेठी को पीसकर पावडर बना लें। अब कांच के बाउल में एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद मिला लें और जब यह अच्छे से मिल जाए तो एक चम्मच मुलेठी पावडर को मिलाकर पेस्ट बना लें। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण मौजूद होने की वजह से इस हेयर पैक को बालों और सिर पर लगाने से डेंड्रफ की समस्या से निजात मिलेगी। इसे आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती हैं।



**रोकता है हेयर फॉलिंग:** हेयर फॉलिंग और गंजेपन की समस्या से निपटने में भी मुलेठी का हेयर पैक काफी कारगर साबित होता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में एक चम्मच मुलेठी पावडर और कुछ केसर के धागे अच्छी तरह मिलाने के बाद इसमें 1 कप दूध डालकर बने मिश्रण को रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह इसे माइल्ड शैंपू से धो डालें।

**काले बालों के लिए:** अगर आपके बाल असमय सफेद हो रहे हैं तो दही और मुलेठी का पेस्ट कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए दही और मुलेठी पावडर को बराबर मात्रा में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को बालों पर लगाकर सूखने के बाद माइल्ड शैंपू से धो डालें। इस पेस्ट को आप हफ्ते में एक बार इस्तेमाल कर सकती हैं।



**मुलेठी का हेयर मास्क:** हेयर मास्क बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर एक समान गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

---

मेडिकल एडवाइस
डॉ. अंशुमाला शुक्ला कुलकर्णी
हेड-मिनिमली इंवेसिव गायनेकोलॉजी, गायनेकोलॉजी लेप्रोस्कोपिक-रोबोटिक सर्जरी
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

महिलाओं से जुड़ी ऐसी बहुत सी बीमारियां हैं, जिनके बारे में उन्हें मालूम नहीं होता और धीरे-धीरे वह बीमारी बड़ा रूप ले लेती है। एंडोमेट्रियोसिस ऐसी ही एक बीमारी है। इस बीमारी के कारण, लक्षण और ट्रीटमेंट के बारे में बता रहे हैं आपको।

# लापरवाही से बढ़ सकती है एंडोमेट्रियोसिस की प्रॉब्लम

कई आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में 10 से 15 प्रतिशत महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं। एंडोमेट्रियोसिस एक लंबे समय तक बनी रहने वाली बीमारी है, फिर भी जागरूकता की कमी और इसके लक्षण बहुत ही सामान्य होने की वजह से अकसर इसका ट्रीटमेंट समय पर नहीं हो पाता है।

**कैसे होती है यह प्रॉब्लम:** जब यूटेरस के लेयर की तरह एक टिश्यू, यूटेरस कैविटी के बाहर बढ़ने लगता है तो यह ओवरी, फैलोपियन ट्यूब और पेल्विक लिगामेंट को प्रभावित करने लगता है। इस एब्नॉर्मल टिश्यू ग्रोथ की वजह से स्वेलिंग आ जाती है और टिश्यू चिपक जाता है। उसके निशान पड़ जाते हैं, जिससे दर्द होता है और प्रेग्नेंसी में प्रॉब्लम जैसे अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं। इसे ही एंडोमेट्रियोसिस कहते हैं। यह स्थिति महिलाओं में 25 साल की उम्र में शुरू हो सकती है और लगभग 50 साल की उम्र तक जारी रह सकती है। ज्यादातर महिलाएं इस बीमारी से अनजान रहती हैं।



**एंडोमेट्रियोसिस के प्रमुख लक्षण:** पेल्विक एरिया में क्रॉनिक पेन, जो पीरियड्स के दौरान बढ़ता है।

- पीरियड्स की अनियमितता, उन दिनों में बहुत ज्यादा दर्द होना, ज्यादा मात्रा में ब्लीडिंग होना। सेक्स के दौरान दर्द होना।
- शौच या पेशाब करते हुए बहुत दर्द होना।
- पीरियड्स के दौरान थकान, सूजन और वॉमिट फील होना।
- एंडोमेट्रियोसिस की वजह से प्रजनन अंगों को नुकसान होता है और गर्भधारण करने में परेशानी होती है।

**हार्मफुल होती है लापरवाही:** एंडोमेट्रियोसिस के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। कभी-कभी बहुत हल्के या कम फील हो सकते हैं। कुछ महिलाओं में जब तक उन्हें गर्भधारण करने में कठिनाई न हो, तब तक इसके लक्षण महसूस नहीं होते हैं। इसलिए जब तक गर्भधारण करने में परेशानी न हो तब तक महिलाएं अपनी इन समस्या के लिए डॉक्टर से कंसल्ट नहीं करती हैं। जागरूकता की कमी की वजह से एंडोमेट्रियोसिस का निदान में देरी हो जाती है।

**डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट:** एंडोमेट्रियोसिस का ट्रीटमेंट तभी शुरू हो सकता है, जब कंडीशन पूरी तरह डायग्नोस कर ली जाती है। ट्रांसवेजाइनल अल्ट्रासोनोग्राफी, एमआरआई और मिनिमली इंवेसिव लैप्रोस्कोपिक कुछ ऐसी डायग्नोस्टिक तकनीकें हैं, जिनका उपयोग सटीक निदान के लिए किया जाता है। रोबोट असिस्टेड सर्जरी जैसी उन्नत सर्जिकल मैथड्स ने एंडोमेट्रियोसिस सर्जरी के परिणामों में काफी इंप्रूवमेंट किया है। सर्जरी के लिए कई बार कोलोरेक्टल सर्जन और यूरोलॉजिस्ट के साथ मल्टी-डिसिप्लिनरी डायग्नोसिस की भी जरूरत पड़ सकती है। इसके अलावा, डायग्नोस्टिक स्टेप्स में लक्षणों की जांच के साथ-साथ पूरी मेडिकल हिस्ट्री भी ली जाती है। एंडोमेट्रियोसिस के प्रॉपर ट्रीटमेंट के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी एंगल से डायग्नोसिस पर ध्यान देना जरूरी है। ऐसे हॉस्पिटल्स जहां गायनेकोलॉजिस्ट्स, रेडियोलॉजिस्ट, पेन स्पेशलिस्ट्स और फर्टिलिटी एक्सपर्ट एक साथ पेशेंट की कंडीशन पर कंसल्ट कर सकते हैं। इससे पेशेंट को उनके लक्षणों, बीमारी के चरण और प्रेग्नेंसी इश्यूज के अनुसार इलाज मिलता है। ट्रीटमेंट में आमतौर पर दर्द के लिए दवा, बीमारी की प्रगति को धीमा करने वाली हार्मोनल थेरेपी और गंभीर मामलों में स्कार टिश्यू और एंडोमेट्रियल ग्रोथ को हटाने के लिए सर्जरी की जाती है।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

---

जीवनशैली
डॉ. मोनिका शर्मा

यह सही है कि विवाह के बाद किसी युवती के लिए नए घर, नए परिवार और परिवेश में घुलना-मिलना आसान नहीं होता है। लेकिन अगर आप हर तरह के पूर्वाग्रहों और आशंकाओं से मुक्त होकर, स्नेह-प्रेम के भाव लेकर, पूरी सकारात्मकता के साथ नए जीवन में प्रवेश करेंगी तो सब कुछ आपकी कल्पना से भी सुंदर होगा।

# पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर रखें नए जीवन में अपने कदम

जीवन भर के लिए दो इंसानों के मन जोड़ने वाले वैवाहिक गठबंधन में शुरुआती पड़ाव पर ही समझदारी आवश्यक है। दो परिवारों को एक डोर में बांधने वाला शादी का रिश्ता, इमोशनल और प्रैक्टिकल दोनों ही मोर्चों पर नई शुरुआत ही होता है। संबंधों से लेकर रहन-सहन और सोच-समझ तक, हर पहलू पर इसमें नयापन समाया होता है। जरूरी है कि इस नएपन को सकारात्मक भाव संग अपनाने के लिए हर पूर्वाग्रह से परे होकर नई जिंदगी का स्वागत किया जाए। दुल्हन के मन में भावी जीवन के लिए बंधी-बंधाई सोच नहीं बल्कि सहजता का भाव हो। तयशुदा खांचे या विचार से परे ससुराल और जीवनसाथी से जुड़ाव बनाने की यह संतुलित समझ, सदा के लिए रिश्तों की नींव पक्की कर देगी।

**पूर्वाग्रहों से बचें:** सबसे पहले तो यह समझ लें कि यह जीवन की नई शुरुआत है। अपने मन को भी पूरी तरह इस नएपन से जोड़ें। सुनी-सुनाई बातों के प्रति अपना रुख सहज रखने का प्रयास करें। देखने में आता है कि वैवाहिक जीवन से जुड़े बहुत से पहलू बदलने के बावजूद युवतियां शादी के बंधन को लेकर भयभीत रहती हैं। कई बार इस तयशुदा सोच को अपने-पराए अपनी राय के रूप में खाद पानी भी खूब देते हैं। ऐसे पूर्वाग्रहों को दिलो-दिमाग से निकाल दें। अब सोशल सिस्टम में बहुत कुछ बदल गया है। पारिवारिक परिवेश में भी कितने ही नए बदलावों को सहज स्वीकार्यता मिली है। अपने रिश्तों को जीवंत रखने के लिए, नए जीवन की शुरुआत करते हुए हर तरह के पूर्वाग्रह से बचें।

**शंकाओं से न घिरें:** संदेह की बुनियाद पर वैवाहिक रिश्ते का भवन नहीं बनाया जा सकता है। इसीलिए शादी के पहले या बाद में, मन में आई हर शंका का हल व्यावहारिक रूप से तलाशें। घर से बड़ों को सही जानकारी लेने को कहें। कोई उलझन हो तो आज की शिक्षित सजग युवतियों को स्वयं ही स्पष्ट सवाल कर बात क्लीयर कर लेनी चाहिए। एक ओर भावी जीवनसाथी का सोशल मीडिया प्रोफाइल देखकर व्यक्तित्त्व को जरा विशेष समझने की गलतफहमियां पैदा हो जाती हैं तो दूसरी ओर दिखावे के बर्ताव से दूर सधे-संयमित व्यक्तित्त्व को कमजोर समझ लिया जाता है। संवाद की अति और सूचनाओं के समंदर में जाने कितनी ही शंकाएं-आशंकाएं मन को घेर लेती हैं। उस घर की बेटी के साथ तो ऐसा हुआ या फलाने रिश्तेदार की बेटी ने क्या-क्या झेला? जैसी बातें नए रिश्ते के प्रति शंकाएं बढ़ाती हैं। जाने-अनजाने पूर्वाग्रहों के बीज बोती हैं। ऐसे में किसी शंका का समाधान करने की राह चुनें न कि शक के घेरे में और उलझती जाएं। ऐसी बातें वेडिंग एंजाइटी बढ़ाती हैं। फिक्र के घेरे में आप शादी के खुशनुमा पलों को भी नहीं जी पाएंगी।



**समझें रस्मों में निहित संदेश:** बेटी को लक्ष्मी मानने वाले हमारे समाज में विदाई के समय पीछे की ओर चावल फेंकने की एक रस्म भी होती है। यह रिवाज न केवल बिटिया के जाने के बाद भी मायके में धन-धान्य बने रहने से बल्कि इस बात से भी जुड़ी है कि वह हर नकारात्मकता और पूर्वाग्रह को पीछे उड़ेलकर नए जीवन की ओर कदम बढ़ा रही है। विवाह आयोजन आपके और आपके अपनों के लिए खुशियों को जीने का अवसर है। इस अवसर को सकारात्मकता से अपनाएं।

## सलाहों के फेर में ना फंसें

**शादी कैसे** निभाई जाए? नए रिश्तों को कैसे साधा जाए? लाइफ पार्टनर को कैसे समझा जाए और यहां तक कि नई जिंदगी में कैसे सब कुछ अपने हाथ में लिया जाए? जैसी सलाहें अपने ही नहीं पराए भी खूब देते हैं। मिसाल के तौर पर, 'उसने तो शादी के बाद पहले दिन से ऐसा किया। इसने तो शुरू से ही किसी की नहीं सुनी। देखो, एक बार ससुराल में सबकी बात मानी तो फिर तुम्हारी कोई नहीं सुनेगा। तुम किसी मामले में कम हो क्या?' लंबी फेहरिस्त में न समाने वाले ऐसे उदाहरण मन को डिगाने वाले होते हैं। साथ ही क्या और कैसे किया की रणनीति वाली सलाहें भी दिलो-दिमाग को उलझा देती हैं। ध्यान रहे कि हर घर का माहौल अलग होता है। इन बातों की बुनियाद पर अपना दृष्टिकोण न बनाएं। सहजता से सब संभाल लेने का सकारात्मक भाव रखें।

## खबर संक्षेप

### लल्हेड़ी में लगेंगे दो नए ट्यूबवैल, टेंडर प्रक्रिया शुरू



गन्नौर। गांव लल्हेड़ी में शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए दो नए ट्यूबवैल लगाए जाएंगे। जनस्वास्थ्य विभाग ने ट्यूबवैल लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर अलाट होते हुए गांव में नए ट्यूबवैल लगाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को दूषित पेयजल समस्या से राहत मिलेगी। बता दें कि लल्हेड़ी गांव में पिछले कुछ महीनों से सप्लाई का पानी दूषित और बदबूदार आ रहा है, जिससे घरेलू कार्यों में परेशानी हो रही है।

### ओम पब्लिक स्कूल ने कई पुरस्कार जीते

गोहाना। जिला स्तरीय बाल महोत्सव में गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस) ने 21 पुरस्कार जीते। सोमवार को स्कूल में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के लिए नेतृत्व स्कूल की एमडी निर्मल लाठर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य मनजीत खासा ने की जबकि संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। जिला बाल कल्याण परिषद सोनीपत द्वारा 15 से 22 अक्टूबर तक विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। ग्रुप-वन के समूह नृत्य में ओपीएस की टीम अव्वल रही और जोनल स्तर के लिए क्वालीफाई किया था।

### प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

सोनीपत। केंद्रीय श्रमिक संगठन-ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) के आह्वान पर मांग सप्ताह अभियान के तहत सोमवार को उपायुक्त कार्यालय पर एआईयूटीयूसी जिला कमेटी सोनीपत द्वारा धरना व प्रदर्शन किया गया। एआईयूटीयूसी हरियाणा के प्रदेश सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश, जिला सचिव बलबीर सिंह, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया और कहा कि सरकार ने अनेक श्रम कानून खत्म कर दिए और चार लेबर कोड बनाकर मजदूरों को निहत्था करके उनके अधिकारों पर सीधा हमला किया है।

### लघुकथा लेखन प्रतियोगिता में चहक ने मारी बाजी

सोनीपत। सीआरए कालेज में अंतर महाविद्यालय लघुकथा एवं पटकथा लेखन प्रतियोगिता में जीवीएम की छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन करते लघुकथा लेखन में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। जीवीएम की हिंदी विभागाध्यक्ष डा. वंदना ने बताया कि सीआरए कालेज में अंतर महाविद्यालय लघुकथा एवं पटकथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की दो छात्राओं ने हिस्सा लिया। चहक ने लघुकथा लेखन में प्रथम वहीं, अनु को पटकथा लेखन में प्रतिभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सुशोभित किया गया।

### युवा वर्ग का सक्रिय होना बेहद जरूरी : दहिया



खरखौदा। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक कम्युनिटी सेंटर खरखौदा में ब्लॉक प्रधान अंकित दहिया के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें खरखौदा बड़ी संख्या में सक्रिय युवा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मीटिंग में युवा कांग्रेस के सदस्यता अभियान के लिए ड्यूटी लगाई गई।अंकित दहिया के अनुसार बैठक में 25 गांवों के युवाओं को चिन्हित किया गया है। जिसमें प्रत्येक बूथ पर सदस्यता अभियान को तेज किया जाएगा। बेहतरीन और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए समाज में युवा पीढ़ी का सक्रिय होना बेहद जरूरी है।

### बली कुतुबपुर से बाइक चोरी,केस

गन्नौर। गांव बली कुतुबपुर में घर के गेट के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक ने इसकी शिकायत खुबडू झाल चौकी में दी। शिकायत में राकेश ने बताया कि 15 फरवरी को उसने अपनी बाइक घर के गेट के पास खड़ी की थी। रात के समय चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### लिट्रेसी फेस्ट में छात्राओं ने किया दमदार प्रदर्शन

# कविता पाठ में काजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

### अलंकृता व अनुराधा की जोड़ी ने डिबेट प्रतियोगिता में अव्वल स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पानीपत स्थित गीता यूनिवर्सिटी में आयोजित लिट्रेसी फेस्ट में जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए दमदार प्रदर्शन किया, जिसके तहत छात्राओं ने चार प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनकी स्वर्णिम भविष्य की कामना की। जीवीएम के कला संकाय की डीन संगीता शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गीता यूनिवर्सिटी में हुए लिट्रेसी फेस्ट की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीवीएम की छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए सफल प्रदर्शन किया। जीवीएम की छात्राओं ने एक प्रथम तथा एक द्वितीय और दो तृतीय पुरस्कार अपने नाम किये। इनमें जीवीएम की अलंकृता व अनुराधा की जोड़ी ने डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। काजल ने कविता पाठ में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। अनुष्का ने कथावाचन में तृतीय और अलंकृता ने इलॉक्युशन (वाग्मिता) स्पर्धा में कालेज को तृतीय स्थान दिलाया। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं का अभिनंदन किया।



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### लॉन टेनिस अकादमी के खिलाड़ी आदित्य ने जीता स्वर्ण पदक

सोनीपत। गोहाना में 10 फरवरी से 15 फरवरी, 2025 तक आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर- 14 के फाईनल मैच में लिटल एंजल्स एकेड़मी, सोनीपत के होनहार खिलाड़ी आदित्य ने हरियाणा के खिलाड़ी कार्तिक ढ़ाका को 6-4, 6-2 के स्कोर से सीधे सेटो से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आदित्य की इस जीत से अभिभावक बहुत खुश थे। उन्होंने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन व कोच को दिया। इससे पहले भी आदित्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने आदित्य को इस जीत पर बधाई दी और उसे भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



# फैलाई सुरक्षा के प्रति जागरूकता

- गेटवे महविद्यालय में किया फायर ड्रिल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गेटवे कॉलेज में सोमवार को फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और कॉलेज के कई कर्मचारियों ने भाग लिया। उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना था। फायर ड्रिल का नेतृत्व प्रोफेसर जोगिंदर ने किया, जो अग्नि सुरक्षा उपायों में विशेष ज्ञान रखते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को आग लगने के विभिन्न कारणों, उसे रोकने के उपायों और आग बुझाने की विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखना और सही तरीके से प्रतिक्रिया देना सबसे महत्वपूर्ण होता है। फायर ड्रिल के दौरान प्रोफेसर जोगिंदर ने आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के लिए पानी, रेत और फायर सिलेंडर का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन यह आग के प्रकार पर निर्भर करता है। गेटवे कॉलेज में आयोजित इस फायर ड्रिल ने सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक किया और आग लगने की स्थिति में आवश्यक कदम उठाने की जानकारी प्रदान की।



सोनीपत। गेटवे कॉलेज में आयोजित फायर ड्रिल में जानकारी देते।



सोनीपत। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### 180 के जांचे नेत्र, 40 को मोतियाबिंद की शिकायत

सोनीपत। महात्मा आशा नन्द वधवा-हिन्दू मंच सोनीपत के तत्वावधान में प्राथमिक केंद्र जुआं में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान हरि चन्द स्नेही की अध्यक्षता में मुख्य संयोजक हंसराज वधवा और उनकी धर्मपत्नी शकुन्तला देवी वधवा और परिवार के विशिष्ट सहयोग से सर्व दिवंगत वास देव वधवा, हिम्मती बाई वधवा, राम चन्द्र अरोड़ा, कलावती अरोड़ा, महात्मा आशानन्द वधवा एवं शान्ति देवी वधवा की पुण्य स्मृति में प्राथमिक आयोजित इस शिविर का शुभारंभ हवन से किया गया। गुरुकुल जुआं में ब्रह्मचारियों द्वारा हवन यज्ञ किया गया, जिसमें मुख्य यजमान ऋषिपाल भदाना रहे। नेत्र विशेषज्ञों डॉ. विकास चहल और डॉ. राजेश सिंघल ने स्वास्थ्य केन्द्र जुआं की टीम के सहयोग से मरीजों की जांच की। कैम्प में तकनीकी सहायक प्रवेश धनखड़ ने रक्तचाप के 125, रविन्द्र कौशिक और पिंकी स्टॉफ नर्स द्वारा शूगर के 80 रोगियों की जांच की गई। नेत्र जांच कैम्प में ओपीडी के 180 रोगियों की जांच की , जिसमें मोतियाबिंद के 40 रोगियों को नेत्र विशेषज्ञ के निर्देशानुसार ज़िला नागरिक अस्पताल सोनीपत में 22 फ़रवरी को बुलाया है। हंस राज वधवा, हर भगवान रहेजा, राम किशन बत्रा, मदन लाल मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में छात्राओं को दी एल्बेंडाजोल की दवा

सोनीपत। राजकीय महिला कालेज, सोनीपत सेक्टर -12 में नेशनल डिवॉर्मिंग सप्ताह के चलते महाविद्यालय की छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवाई वितरित की गई। दवाई वितरित करने से पहले बच्चों को इसके बारे में पूरी जानकारी दी गई। यह दवा विशेष रूप से आंतों में पाए जाने वाले कृमियों (पेट के कीड़ों) को मारने और उन्हें शरीर से बाहर निकलने में मदद करती है। इस दवा के लेने से कृमियों का कोशिका विभाजन रुक जाता है जिससे कि उनकी वृद्धि रुक जाती है और वह अंततः मर जाते हैं। महाविद्यालय में 23 साल तक या उससे कम आयु की छात्राओं को यह दवा दी गई। इस अवसर पर स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री ने राई में किया निजी बैंक की शाखा का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने राई में खोली बैंक की नई शाखा को लोकार्पित करते ग्रामीणों को बधाई दी। गहलावत का भाजपा युवा नेता पुनीत राई व बैंक अधिकारियों ने स्वागत किया। राई में एक निजी बैंक की नवीनतम शाखा का शुभारंभ करते राईवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अपने ही क्षेत्र में बैंक की सुविधा मिलना बड़ी बात है। इससे ग्रामीणों को बैंक कार्य की सुविधा घर में ही मिलेगी। लोन आदि के लिए भी उन्हें कहीं दूर-दराज जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्रामीणों को बैंकों की सभी सुविधाएं उनके घर-द्वार पर ही मिलेंगी, जिससे उनको समय की भी बचत मिलेगी। युवा भाजपा नेता पुनीत राई ने कहा कि घर द्वार में ही बैंक खुलने से ग्रामीणों को बैंक की सभी सुविधाएं सरलता के साथ बेहतरीन रूप में मिलेगी।



राई। कृष्णा का स्वागत करते बैंक के अधिकारी साथ में युवा नेता पुनीत राई ।

### रिमोट सेंसिंग और जीआइएस विषय पर कार्यशाला आयोजित

गोहाना। राजकीय कालेज बड़ौता के प्राध्यापक डा. शैलेश कलकल ने कहा कि रिमोट सेंसिंग एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे किसी क्षेत्र की भौतिक विशेषताओं का पता लगाया जा सकता है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा सकती है। वे राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में भूगोल विभाग में रिमोट सेंसिंग और जीआइएस विषय पर कार्यशाला में की छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। डा. कलकल ने कहा कि रिमोट सेंसिंग एक ऐसी तकनीक है जिससे किसी वस्तु या घटना के बारे में बिना शारीरिक संपर्क किए जानकारी हासिल की जाती है। यह तकनीक पृथ्वी से जुड़े कई क्षेत्रों में इस्तेमाल की जाती है। यह बड़े पैमाने पर पर्यावरण निगरानी, आपदा प्रबंधन, संसाधन अन्वेषण, शहरी नियोजन में मदद करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. शमशेर हुड्डा ने की और संयोजन भूगोल विभाग के अध्यक्ष वीरेंद्र छाछिया ने की। मौके पर प्राध्यापक विक्रम मौजूद रहे।

# संत गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलकर अच्छे कर्म करें : कादियान

गन्नौर । बिलंदपुर में नमो बुद्धाय अंबेडकर युवा समिति की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास का 648वां प्रकाशोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। यहां उनका आयोजक व ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। विधायक कादियान ने गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि संत गुरु रविदास जी का स्थान समाज में हमेशा सर्वोच्च रहेगा। आशा व्यक्त की कि आने वाली पीढ़ियां गुरु रविदास जी के जीवन से प्रेरणा लेंगी और उनके बताए मार्ग पर चलेंगी। कादियान ने कहा कि हमें गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलते हुए अच्छे कर्म करने चाहिए और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। अनिल, मनोज, नीरज, दलबीर, महीपाल, गौतम, ओमपाल, कुलदीप, प्रेम सिंह, प्रताप, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान समिति के सदस्य स्वागत करते हुए ।



सोनीपत। गाड़ी रस्सी से खींच कर विरोध प्रदर्शन करते जिला पार्षद एवं अन्य।

### रस्सी से गाड़ी बांधकर खींची, टूटे रोड पर जताया रोष

सोनीपत। बड़वासनी से माहरा रोड, जाहरी से पुरखास रोड, शहजादपुर से थरिया रोड टूटने के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने सोमवार को अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। जिला पार्षद ने इन टूटे हुए रोड पर अपनी गाड़ी को रस्सी से बांधकर खींचा और विरोध प्रदर्शन किया। जिला पार्षद ने कहा कि कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को इस खस्ताहाल सड़कों के बारे में बताया जा चुका है। इसके बावजूद इन्हें ठीक नहीं करवाया जा रहा। खस्ता हाल सड़कों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस अवसर पर कालू, संदीप, प्रदीप, जोगिंद्र, सुरेश, रणवीर, महावीर, बिंद्रा आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में 48 लोगों ने किया रक्तदान

### भाग राम ट्रस्ट ने किया साप्ताहिक शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भाग राम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 48 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। सप्ताह के हर सोमवार की भांति यह शिविर शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि गांव नगर के सरपंच प्रतिनिधि जस्सी खुराना थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की जबकि संयोजन स्टार रक्तदाता एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर के पारिवारिक रक्तदाताओं में मां-बेटे राजवंति और रोहित, पति-पत्नी राज सिंह और मनेश ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। नियमित रक्तदाताओं में संदीप, अजमेर, देवेंद्र, सुनील, अनिल लठवाल, मंजीत, तेज सिंह, हन्नी गुंबर, नितेश, जगबीर सिंह, सुनील और दीपक ने रक्तदान किया। शिविर में साहिल, दीपक, अजय और प्रकाश ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।



रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते अतिथि और आयोजक।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी आरती के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### कन्या कालेज की आरती ने लॉन बॉल में जीता कांस्य

सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय की छात्रा आरती ने 38वीं नेशनल गेम्स लॉन बॉल खेल में कांस्य पदक हासिल किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्या गीता एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने खिलाड़ी का स्वागत फूल माला और मिठाई खिलाकर किया। ये गेम्स हवलदानी उत्तराखंड में 29 जनवरी से 9 फरवरी तक लॉन बॉल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित कराई गयी। विजयी खिलाड़ी को टीकाराम एजुकेशन सोसइटी के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया ने हौसला बढ़ाते और आशीर्वाद देते लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका सुमन मान ने भी छात्रा को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**राहत** ठंड के मौसम और कम तापमान के चलते सड़कों पर डामर बिछाने का काम रुका था

# गन्नौर: क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों का डामरीकरण दस दिन बाद होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों का डामरीकरण 10 दिन बाद शुरू हो जाएगा। लगातार ठंड के मौसम और कम तापमान के चलते सड़कों पर डामर बिछाने का काम रुक गया था। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि सर्दी के मौसम में डामर सही तरीके से नहीं बैठ पाता। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर असर पड़ता और सड़कों में गड्ढे और दरारें पड़ने की संभावना रहती है। इसीलिए डामरीकरण का काम फरवरी के अंत तक टाल दिया गया था। अब मौसम में बदलाव के बाद निर्माणाधीन सड़कों को जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा। जिससे लोगों को आवगमन में काफी राहत मिलेगी।- इन सड़कों पर शुरू होगा कामः पीडब्ल्यूडी द्वारा शेखपुरा संपर्क मार्ग, खेड़ी गुर्जर-भौरा रसूलपुर मार्ग और गुमड़-गढ़ी झंझारा संपर्क मार्गो पर रोड़े डाल दिए गए थे, लेकिन कम तापमान होने की वजह से इन पर डामरीकरण नहीं हो पाया। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों की अधूरी हालत से यातायात प्रभावित हो रहा है। राहगीरों को धूल और उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।



गन्नौर। रोड़े डाल कर अधूरा छोड़ गया खेड़ी गुर्जर-भौरा रसूलपुर मार्ग। फोटो :हरिभूमि

### तेजी से काम पूरा होगा

पीडब्ल्यूडी जेई नवनीत सेहरावत ने कहा कि अधूरे पड़े सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा। 10 दिन बाद कार्य शुरू कर मार्च के मध्य तक सड़कों को सुचारू रूप से तैयार कर लिया जाएगा।



गन्नौर। शिविर के दौरान उपस्थित महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्मल, योगाचार्य मंजू पहल सहित अन्य। फोटो :हरिभूमि

### महिला जागृति कैंप लगा

गन्नौर। सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से गन्नौर गांव स्थित खेल ग्राउंड में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं के समाधान और विशेष दिनों में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी

**सूचना**

मैं, संजय पुत्र श्री सुखबीर निवासी गांव रसूलपुर तह. गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरी पुत्री अरूणा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# संपत्ति में अव्वल हैं कमल, वार्षिक आय में सैनी नंबर दो तो जैन 3 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम चुनाव के लिये रण लगभग सज चुका है। सोमवार को नामांकन जमा करवाने के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल करवाया है। अब मंगलवार को नामांकनों की छंटनी की जाएगी। लेकिन कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर किसी तरह का संशय नहीं है।

सोमवार को नामांकन दाखिल करने वाले भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा आय का ब्यौरा भी दिया गया है। जिससे पता चलता है कि कांग्रेस के प्रत्याशी कमल दिवान नगर निगम मेयर उपचुनाव लड़ने वालों में सबसे अधिक अमीर प्रत्याशी हैं। क्योंकि कमल दिवान के पास 40 करोड़ की तो अचल संपत्ति है, इसके अलावा उनकी पत्नी सहित उनके पास 1 किलो सोना भी है। वार्षिक आय में भी कमल दिवान ने भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन और आप प्रत्याशी डॉ. कमलेश सैनी को पछाड़ा है। कमल दिवान की वार्षिक आय 27 लाख रुपये से अधिक की है। हालांकि राजीव जैन तो इस मामले में डॉ. कमलेश सैनी से भी पिछड़े हुए हैं। क्योंकि डॉ. कमलेश सैनी की वार्षिक आय 15 लाख से अधिक की है, जबकि राजीव जैन की वार्षिक आय साढ़े 5 लाख रुपये हैं।

### करोड़ों के मालिक हैं आप प्रत्याशी

आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डा. कमलेश कुमार सैनी ने अपने नामांकन के दौरान वर्ष 2023-2024 की वार्षिक आय 15 लाख 90 हजार 410 रुपये बताई है। वहीं अपनी पत्नी की वार्षिक आय 19 लाख 24 हजार 250 रुपये बताई गई। नई दिल्ली में कमर्शियल इमारतें खुद इन्हीं के नाम हैं इसके साथ ही नई दिल्ली, गोआ और हरियाणा में भी रिहायशी इमारते हैं। पत्नी के नाम उत्तर प्रदेश और हरियाणा में रिहायशी इमारतें हैं। अचल संपत्ति की कुल कीमत 4 करोड़ रुपये से अधिक है। खुद के पास 95 हजार तो पत्नी के पास 85 हजार रुपये कैश हैं। विभिन्न बैंकों में दोनों के नाम पर लगभग 54 लाख रुपये जमा हैं। सैनी दंपति ने 70 लाख रुपये इन्वेस्ट किए हैं। वहीं साढ़े 10 लाख रुपये का 15 तोले सोना डॉ. कमलेश सैनी के पास है, पत्नी के पास 35 लाख का 50 तोले सोना है। इस तरह से चल संपत्ति 5.5 करोड़ की खुद के पास है तो ढाई करोड़ की पत्नी के पास है। देनदारियों की बात करें तो डेढ़ करोड़ का लोन कमलेश सैनी पर है तो 1.25 करोड़ का लोन उनकी पत्नी पर है। पेशे से इंजीनियर और प्राइवेट नौकरी करने वाले कमलेश सैनी की पत्नी सरकारी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं।

### साढ़े 4 करोड़ से अधिक की देनदारियां हैं दिवान की

कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान ने अपने नामांकन में अपनी वार्षिक आय 27 लाख 87 हजार 730 रुपये बताई है, वहीं पत्नी की वार्षिक आय 3 लाख 24 हजार 340 रुपये बताई है। कमल और उनकी पत्नी के पास कुल मिलाकर 80 लाख रुपये की कीमत का 1 किलो साना है। कमल के नाम पर एक वोल्वो, इनोवा, डिफेंडर, स्कॉर्पियो और थार रॉक्स गाड़ी है। चल संपत्ति के तौर पर कमल के पास 2 करोड़ 88 लाख और उनकी पत्नी के पास 1 करोड़ 55 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति है। उत्तर प्रदेश, अंडमान निकोबार, महाराष्ट्र, गोवा व हरियाणा में कृषि योग्य भूमि है। अचल संपत्ति के तौर पर कमला और उनकी पत्नी के पास 40 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। कमल पर 4.60 करोड़ रुपये का लोन भी है। इसके अलावा कमल दिवान पर सेक्टर 27 थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 (ए) और 334 (2) के तहत केस दर्ज है।

**जैन ने बेटे की पढ़ाई के लिए लिया था लोन :** भाजपा प्रतयाशी राजीव जैन ने अपने वर्ष 2023-2024 की वार्षिक आय के ब्यौरे में खुद की 5 लाख 56 हजार 990 रुपये और पत्नी यानि की पूर्व मंत्री कविता जैन की वार्षिक आय 22 लाख 32 हजार 920 रुपये बताई है। इसके अलावा बेटे दिव्यांक जैन की आय 6 लाख 77 हजार 90 रुपये और बेटी ख्वाहिश जैन की आय 22 हजार 860 रुपये बताई गई है। राजीव जैन के पास 1 लाख 98 हजार 900 रुपये, कविता जैन के पास 1 लाख 94 हजार 300 रुपये, पुत्र दिव्यांक के पास 1 लाख 10 हजार रुपये नकद हैं। पूरे परिवार ने लगभग 50 लाख रुपये से ज्यादा लोर्ड बाहुबली नाम की कंपनी में इन्वेस्ट किए हुए हैं। वहीं तकरीबन 1 करोड़ रुपये इसी कंपनी को उधार दे रखे हैं।

राजीव जैन के पास साढ़े 3.25 लाख का 40 ग्राम सोना, पत्नी के पास 17 लाख से अधिक का 150 ग्राम सोना और 3 किलो चांदी है। राजीव जैन के पास एक हथियार भी है। जिसकी कीमत 1.10 लाख रुपये है। चल संपत्ति की कुल कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये बताई गई है। राजीव जैन व कविता जैन के नाम पर अलग-अलग जगहों पर 3.80 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति है। परिवार पर 1 करोड़ रुपये से अधिक का लोन है, जिसमें से 51 लाख रुपये का लोन बेटे दिव्यांग जैन के नाम पर एजुकेशन लोन है।

## खबर संक्षेप



### वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित पकड़ा

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू उर्फ बिहारी निवासी आरा, बिहार हाल शिवपुरी कॉलोनी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। राजस्थानी कॉलोनी कुंडली निवासी हरिचरण ने पुलिस को वाहन चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी।

### घर के बाहर से अध्यापक की कार चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 में घर के बाहर से अध्यापक की कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। सेक्टर-23 निवासी संपूर्ण ने बताया कि वह अध्यापक है। हर रोज की तरह वह अपनी कार को घर के बाहर पार्किंग में खड़ी करता है। उसने अपनी गाड़ी को गत 16 फरव री को घर के बाहर खड़ा कर दिया। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी नहीं मिली। पुलिस ने शिक्षक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, मामला दर्ज

**खरखौदा।** शहर के सांपला मार्ग पर कार और मोटरसाइकिल में टक्कर होने से बाइक सवार युवक घायल हो गया है। बरोना निवासी सुनील ने बताया कि वह बाइक पर शहर में दूध बेचने का काम करता है। रात्रि के समय जब वह दूध बेचकर सांपला मार्ग पर पहुंचा तो एक कार ने उसकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे घायल अवस्था में खरखौदा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

### कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर वारदात

# लूट का विरोध करने पर कैंटर चालक को मारी गोली, खानपुर किया रेफर

- केएमपी जीरो प्वाइंट पर लघुशंका को रुके थे क्लीनर और चालक
- तीन युवकों ने दोनों से 22 सौ रुपये छीने, विरोध करने पर मार दी गोली
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे स्थित जीरो प्वाइंट के पास तीन बदमाशों ने ट्रक चालक व क्लीनर से नकदी लूट ली। इस दौरान बदमाश चालक का मोबाइल लूटने लगे तो वह बचकर भाग लिये। इस पर एक बदमाश ने चालक के कूल्हे पर गोली मार दी। घायल चालक को पुलिस ने नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के बयान पर बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव जुअरपुर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी रवि ने बताया कि वह अपने कैंटर को लेकर कामी स्थित ब्रेड कंपनी से गुरुग्राम के लिए चले थे। उनके साथ क्लीनर अलीगढ़ के गांव लोहगुट के मनोज थे। वह देर रात करीब एक बजे केएमपी एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट पर पहुंचे। उन्होंने कैंटर को एक तरफ रोक दिया। उसके बाद वह लघुशंका को गए और मनोज गाड़ी में बैठे रहे। इसी दौरान तीन बदमाश उनके पास पहुंचे। उनमें से एक ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था और दो के पास हथियार थे। उन्होंने उन्हें पकड़ लिया और उनसे एक हजार रुपये छीन लिये। उसके बाद क्लीनर से 12 सौ रुपये छीन लिए गए। तभी एक बदमाश रवि से मोबाइल छीनने लगा तो वह बचकर भागने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान एक अन्य ने उनके कूल्हे पर गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गए। उन्होंने शोर मचाया तो बदमाश भाग निकले। मनोज ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद राई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। नागरिक अस्पताल से घायल को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज कर लिया है।

**मिली थी सूचना**

देर रात कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे कैंटर व क्लीनर से लूटपाट की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भिजवाया। घायल के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

-एसआई अमरदीप सिंह, जांच अधिकारी

### मेडिकल स्टोर संचालक पर हमला, पैसे लूटे

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव रोलद लतीफपुर में अलफा (कुत्तों) को खाना-खिला रहे मेडिकल स्टोर संचालक से मारपीट कर नुकीले हथियार से हमला कर हजारों रुपये की राशि के लूटने का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने आए दूसरे मेडिकल स्टोर संचालक से मारपीट कर उससे भी हजारों रुपयों की राशि के लूटने का मामला सामने आया है। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। बिधल निवासी देवेंद्र ने बताया कि उसका जुआं-खानुपर रोड पर अड्डे पर मेडिकल स्टोर है। वह रविवार को देर रात कार से अपने घर बिधल जा रहा था। रोलद लतीफपुर के अड्डे पर अलफा (कुत्तों) खाना खिलाने लगा। उसी दौरान रोलद गांव का सोनू व उसका बेटा बाइक पर आए। सोनू ने उसकी कार का शीशा तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि उस पर हमला कर 35 हजार रुपये लूट लिए।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत का राय ब्लॉक के सभी सरपंच स्वागत करते हुए।

## राई में राई खंड के सरपंचों ने किया विधायक का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- उन्हें एक जनसेवक और सच्ची जनहितैषी विधायक मिली : सरपंच

राई खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में विधायक कृष्णा गहलावत का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित करते हुए सरपंचों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सरपंचों ने कहा कि अब वे अपने हलके तथा खंड और गांवों के विकास को लेकर निश्चिंत हो गए हैं, क्योंकि उन्हें एक जनसेवक और सच्ची जनहितैषी विधायक मिली हैं। जिन्हें कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है, वे स्वयं ही समस्याओं व मांगों का संज्ञान लेकर विकास को गति देती हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी सरपंचों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके विशेष सहयोग के बूते ही वे आज विधायक बनी हैं। जनसेवा का यह अवसर प्रदान करने के लिए वे हृदय से सबकी आभारी हैं। अब वे जनसेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। विधायक बनने पर वे जनसेवा को और मजबूती से कर सकेंगी। उन्होंने सरपंचों का आह्वान किया कि वे कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ मिलकर विकास को गति प्रदान करें। इस अवसर पर राई खंड के सरपंच संजय, मोनिका, रविंद्र, शिवम, सरीता देवी, सुमन, सुनील कुमार, कमलेश, राजेश कुमार, पुष्पा देवी, राज करण, धीर सिंह, प्रियंका, विरेंद्र, गीतेश, सतीश कुमार, महातका, योगेश आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन में संलिप्त होने पर वाहन जब्त

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि जिला में अवैध खनन को पूरी तरह से बंद करने के लिए खनन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को खनन एवं भू विज्ञान विभाग एवं हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्युरो मीमारपुर की टीम के द्वारा एक वाहन को अवैध खनन में संलिप्त पाये जाने पर पकडक़र पुलिस थाना बहालगढ़ में बंद किया गया है, जिसके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

खनन विभाग के अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि विभाग के द्वारा लगातार चैकिंग की जा रही है तथा अवैध खनन से जुड़े व्यक्तियों/वाहनों को किसी भी सूरत में बख्सा नहीं जाएगा और अवैध खनन से जुड़े लोंगों पर विभाग का प्रहार आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### डॉ. अभिमन्यु मलिक सर्वश्रेष्ठ अधिकारी चयनित



**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एनएसएस सेल द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इसमें छोटूराम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिमन्यु मलिक को वर्ष 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चयनित किया गया। जिनका महाविद्यालय में पहुंचने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह एवं डॉ. ऊषा दहिया ने स्वागत किया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने डॉ. अभिमन्यु मलिक के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की एवम चयनित होने पर हार्दिक बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### बिना विभागीय अनुमति के चल रहे मेडिकल स्टोर पर मारा छापा

- विभाग की टीम ने दवाइयो को किया सील, जांच में जुटी

**सोनीपत।** मुरथल के गांव जैनपुर में बिना विभाग की अनुमति के मेडिकल स्टोर चलाने का मामला सामने आया है। औषधि नियंत्रक अधिकारी संदीप हुड्डा और मुंशी राम की टीम ने, जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी, एमटीपी डा. सुमित कौशिक और चिकित्सा अधिकारी मुरथल डा. संजीव के साथ मिलकर छापेमारी कार्रवाई की। जिसमें मुरथल क्षेत्र के गांव जैनपुर में एमटीपी दवाओं की अवैध बिक्री के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के चलता हुआ पाया गया। हालांकि स्टोर पर कोई एमटीपी किट नहीं मिली। अवैध मेडिकल स्टोर के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और दवाओं को जब्त कर न्यायिक हिरासत में जमा करा दिया गया। जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी संदीप हुड्डा ने बताया कि एमटीपी किटों की अवैध बिक्री के गठजोड़ को खत्म करने के लिए आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनीं समस्याएं और समाधान के दिए निर्देश

**गन्नौर ।** गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। हर सोमवार की तरह इस बार भी विधायक ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने विभिन्न मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक कादियान ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और जहां तत्काल समाधान संभव था, वहां मौके पर ही निर्देश जारी कर समस्या का निस्तारण किया। कुछ जटिल मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर समाधान का आश्वासन दिया। इस पहल से क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उच्च कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे है।



**बधाई दी**

नवनियुक्त प्रधान अधिवक्ता गौरव त्यागी ने साथी वकीलों के साथ विधायक देवेंद्र कादियान से उनके कार्यालय पर मुलाकात की। विधायक कादियान ने प्रधान गौरव का मुंह मीठा कर बधाई दी और कहा कि गौरव ने हमेशा वकीलों के हित में कार्य किया है।



### स्थानीय निकाय के बाद बनने जा रही ट्रिपल इंजन सरकार : बड़ौली

**खरखौदा।** प्रदेश में विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा ने निकाय चुनाव में उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने खरखौदा में नगरपालिका के अध्यक्ष पद के पार्टी उम्मीदवार हीरालाल का नामांकन दाखिल करवाने के बाद मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। अब स्थानीय निकाय में जीत हासिल करके ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएंगे। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व अन्य सभी दलों के प्रत्याशी केवल अपना वजूद बचाने के लिए चुनावी मैदान में हैं। भाजपा द्वारा नगर निगम,नगर परिषद व नगर पालिका में उतारे गए सभी उम्मीदवार भारी मतों से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिल्ली में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 26 साल बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। कहने की जरूरत नहीं कि अब व्यक्ति अपने क्षेत्र का विकास चाहते हैं और यह केवल भाजपा सरकार के नेतृत्व में संभव है। इसका असर निकाय चुनाव में दिखाई देगा।

### फैशन शो : परम्परागत परिधानों में सजी विवि की छात्राएं

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग में फैशन आयोजित किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर आयोजित इस फैशन शो में आदर्शता के अनुरूप परम्परागत वस्त्रों का प्रदर्शन किया गया। बतौर मुख्यातिथि डीन ऑफ इंजीनियरिंग प्रो. विजय नेहरा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। परम्परागत परिधान ने गुजरे समय की संस्कृति-सभ्यता की याद दिलाई। उन्होंने बताया कि प्रभु वस्त्र परिधान की अद्भुत पेशकश पहली बार फैशन शो के मंच पर रही। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि देश की संस्कृति को जीवित रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। हमारी युवा पीढ़ी इस आयोजन के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत को जारी रखने का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ संस्कार व संस्कृति का तालमेल बैठा कर ही हम पूर्ण रूप से विकसित हो सकते हैं। कार्यक्रम सह संयोजक डॉ. हरेंद्र पाल ने सभी प्रतिभागियों व अतिथियों का धन्यवाद किया। संयोजन कमेटी में डॉ. पूजा कुमारी, सोनिया, डॉ. नीतू रानी, सागरिका, सोनिका, अंजली मोनिका, मधु व प्रिया का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन सोनिका ने किया।



**ये रहे मौजूद** : इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक विभाग की चेयरपर्सन डॉ. प्रियंका, मैथमेटिक्स विभाग के चेयरपर्सन डॉ. सुनील सांगवान, डॉ. विनोद सरोहा, डॉ. सुनिता, सोनिया, प्रियंका, साया व मीनाक्षी उपस्थित रहे।

### चुनाव 28 को होगा , सहायक चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की

# जिला बार एसो. चुनाव : प्रधान और उप प्रधान पद के लिए तीन -तीन अधिवक्ता मैदान में डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई। प्रधान और उपप्रधान पद पर तीन-तीन अधिवक्ताओं के बीच मुकाबला होगा। सह सचिव पद पर अधिवक्ता स्वाती ने नामांकन वापस ले लिया।

सचिव पद के लिए चार और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो अधिवक्ताओं के बीच सीधा मुकाबला होगा। चुनाव 28 फरवरी को होगा। मतदान 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतगणना उसी दिन शाम 4 बजे के बाद शुरू होगी। प्रधान पद के लिए अनिल ढूल, अजय दहिया और कमल हुड्डा मैदान में हैं। उपप्रधान पद पर अमित कुमार मलिक, सोनू भारद्वाज और कुलदीप दहिया के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए संदीप खरब, रजनीश मलिक, रविंद्र कुमार शर्मा और अंकित त्यागी चुनाव लड़ेंगे। सह सचिव पद पर कीर्तिका उम्मीदवार हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप और प्रवीण कुमार ढीलो के बीच सीधा मुकाबला होगा।



सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल चेयरमैन की ओर से जारी आदेशों में नए चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पहले ही चुनाव के लिए अधिवक्ता पवन दहिया को चुनाव अधिकारी व इंद्रजीत खोखर, वीरेंद्र नैन, विकास कुंडू, गौरव शर्मा व कुलभूषण चौधरी को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। अब एक अन्य पत्र जारी हुआ है। जिसमें बार काउंसिल के चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र अहलावत ने अनूप दहिया को चुनाव अधिकारी व प्रदीप दहिया, विजय इंदौरा व प्रणयदीप को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है। चुनाव अधिकारी पवन दहिया ने बताया ने अन्य की नियुक्ति रद्द करने की मांग की है।

### दीवार कूदकर जैसे ही अमेरिका में प्रवेश किया पकड़ा गया, जेल मे रखा और बाद वापस भेज दिया

- शामड़ी का युवक बेहतर भविष्य के लिए गया था अमेरिका, दीपांशु गांव न आकर घरौंडा में जीजा के पास रुका

**गोहाना।** गांव शामड़ी का युवक बेहतर भविष्य के लिए अमेरिका गया। वह अमेरिका में प्रवेश करते ही पकड़ा गया। वह करनाल के घरौंडा में जीजा के पास रहता है, जिससे ही एजेंट से सौदा करके उसे अमेरिका भिजवाया था। अब उसे वापस भेज दया। दीपांशु गांव न आकर घरौंडा में जीजा के पास रुक गया। गांव शामड़ी के दलबीर ने अपनी बेटियों की शादी करनाल के घरौड़ा में की थी। उसका इकलौता बेटा दीपांशु अमेरिका जाकर अपना जीवन बेहतर बनाना चाहता था। उसने 12 वीं तक पढ़ाई कर रखी है। दीपांशु अमेरिका जाने की जिद करता रहा और डेढ़-दो साल पहले घरौड़ा में अपनी बहन और जीजा के पास चला गया था। जीजा ने दीपांशु को अमेरिका भिजवाने के लिए करनाल के एजेंट से ही सौदा किया। इसके लिए 55 लाख रुपये दिए गए। पांच-छह लाख रुपये दलबीर ने दिए और बाकी के रुपये का प्रबंधन बहन और जीजा ने किया। एजेंट ने बहुत कम समय में दीपांशु को अमेरिका भिजवाने की बात कही। 27 जून 2024 को उसे इंग्लैंड भेज दिया गया। वह अगले दिन वहां पहुंच गया। उसके बाद उसे अलग-अलग देशों से मैक्सिको ले जाया गया। 29 जनवरी को दीवार कूदकर जैसे ही उसने अमेरिका में प्रवेश किया, तो वह पकड़ा गया।